# 10 राजस्थान के मंदिर

1. राजस्थान का एकमात्र मंदिर, जो दुर्ग के रूप में परकोटे से घिरा है एवं सिरोही जिले में स्थित है?
(1) सारणेश्वर महादेव मन्दिर (2) अचलेश्वर महादेव मन्दिर
(3) दिलवाड़ा जैन मंदिर (4) बाजणा गणेश मंदिर (1)

**व्याख्या–** यह मंदिर सिरणवा पहाड़ियों (सिरोही) में दुर्ग के रूप में एक परकोटे से घिरा हुआ है। इसका निर्माण महाराव दुर्जनशाल ने करवाया था। यहाँ पर देवड़ा राजकुल की कुलदेवी का मंदिर भी स्थित है।

2. राजस्थान में अब तक ज्ञात सबसे प्राचीन जैन मंदिर है?
(1) सोमनाथ मन्दिर, पाली
(2) लूणवसही जैन मंदिर, देलवाड़ा
(3) महावीर मंदिर, औसियां
(4) कुंथुनाथ जैन मंदिर, आबू (3)

**व्याख्या–** इस मंदिर का निर्माण प्रतिहार शासक वत्सराज द्वारा 8वीं शताब्दी में करवाया गया था। इसे राजस्थान में अब तक का प्राचीनतम जैन मंदिर माना जाता है।

3. निम्न में से कौनसा मंदिर 'सपनों का मंदिर' कहलाता है?
(1) ऋषभदेव मंदिर (2) एकलिंग जी मंदिर
(3) जगदीश मंदिर, उदयपुर (4) सहस्रबाहु मंदिर, नागदा(3)

**व्याख्या–** सपनों का मंदिर– इस मंदिर के गर्भ गृह में स्थित मूर्ति किसी शिल्पकार द्वारा बनाई गई नहीं है बल्कि भगवान जगन्नाथ ने स्वप्न में प्रकट होकर महाराणा से कहा, कि मेरी मूर्ति डूँगरपुर के पास गर्वा गाँव के पीपल के पेड़ के नीचे 11 हाथ की खुदाई पर मिलेगी इसलिए इसे 'सपनों से बना मंदिर' कहा जाता है।

4. चूलगिरी जैन मंदिर कहाँ स्थित है ?
(1) पाली (2) जालौर
(3) जयपुर (4) उदयपुर (3)

**व्याख्या–** चूलगिरी जैन मंदिर जयपुर शहर से बाहर एक ऊँची पहाड़ी पर स्थित है। यह मंदिर भगवान पार्श्वनाथ को समर्पित है।

5. रणकपुर स्थित कौनसा मंदिर 'पातरियो का देवरा' (वेश्या मंदिर) कहलाता है?
(1) सूर्य नारायण मंदिर (2) नेमीनाथ जैन मंदिर
(3) आदिनाथ चौमुखा मंदिर (4) पार्श्वनाथ जैन मंदिर (2)

**व्याख्या–** यह मंदिर चौमुखा मंदिर के समीप ही बना है, इसमें नग्न और संभोग करते हुए युग्लों की मूर्तियाँ है इसलिए इसे 'पातरियां रो देवरो' (वेश्या मंदिर) भी कहा जाता है।

6. दिलवाड़ा जैन मंदिर पाँच मंदिरो का समूह है, इनमें से सबसे प्राचीन मंदिर कौनसा है ?
(1) विमल शाही जैन मंदिर (2) लूणवसाही जैन मंदिर
(3) महावीर स्वामी मंदिर (4) पीतलहर आदिश्वर मंदिर(1)

7. असंगत छांटिये –
(1) चन्द्रभागा मन्दिर– झालावाड़
(2) मथुराधीश मन्दिर– उदयपुर
(3) केसरिया नाथ जी मंदिर– उदयपुर
(4) गोविन्द देवजी मंदिर– जयपुर (2)

**व्याख्या–** मथुराधीश मंदिर कोटा शहर के पोटनपोल में स्थित है। यह वल्लभ सम्प्रदाय का मंदिर है।

8. विभीषण मंदिर कहाँ पर है?
(1) पुष्कर (अजमेर) (2) कैथून (कोटा)
(3) नागदा (उदयपुर) (4) करौली (2)

**व्याख्या–** यहां विभीषण के शीश की पुजा राम भगत मानकर की जाती है। माना जाता है कि यह भारत का एकमात्र विभीषण मंदिर है।

9. किस शासक के काल में रणकपुर के जैन मन्दिर का निर्माण हुआ?
(1) राणा मोकल (2) बप्पा रावल
(3) राणा कुम्भा (4) राणा लाखा (3)

**व्याख्या–** रणकपुर के आदिनाथ चौमुखा मंदिर का निर्माण 1439 ई. में महाराणा कुम्भा के शासनकाल में सेठ धरनकशाह पोसवाल द्वारा करवाया गया था।

10. रणकपुर का जैन मन्दिर किस जिले में है?
(1) पाली (2) उदयपुर
(3) राजसमन्द (4) चित्तौड़गढ़ (1)

11. खेड़ वैष्णव तीर्थस्थल कहाँ है?
(1) बाड़मेर (2) जालौर
(3) अजमेर (4) नाथद्वारा (1)

**व्याख्या–**बाड़मेर के खेड़ में रणछोड़राय का मंदिर स्थित है, लूनी नदी किनारे स्थित 850 ई. में निर्मित यह मंदिर गुर्जर प्रतिहार शैली का उदाहरण है, यह मंदिर मजबूत परकोटे से घिरा हुआ है।

12. किस मन्दिर में पूजा के अधिकार को लेकर आदिवासियों व जैन समुदाय में विवाद होता रहा है?
(1) ऋषभदेव मन्दिर (2) एकलिंग मन्दिर
(3) आहड़ का जैन मन्दिर (4) जगदीश मन्दिर (1)

13. मेवाड़ का प्रसिद्ध जगदीश मन्दिर स्थित है?
(1) उदयपुर (2) राजसंमद
(3) चित्तौड़ (4) भीलवाड़ा (1)

**व्याख्या–** यह मंदिर पंचायतन शैली में बना है। मुख्य मंदिर के चारों कोणों में शिव, पार्वती, गणेश व सुर्य मंदिर बने है।

14. माकनगंज मन्दिर किस जिले में स्थित है?
(1) उदयपुर (2) राजसंमद
(3) चित्तौड़गढ़ (4) भीलवाड़ा (3)

**व्याख्या–** यहां सातवीं शताब्दी के गुप्तकालीन मंदिर मिले है।

15. चित्तौड़ किले में स्थित कौनसा मन्दिर परमार राजा भोज द्वारा निर्मित है?
(1) कुम्भश्याम मन्दिर (2) सतबीस देवरी
(3) श्रृंगार चंवरी (4) समीधेश्वर मन्दिर (4)

**व्याख्या–** इस मंदिर का निर्माण परमार राजा भोज ने 1011 ई. से 1055 ई. के मध्य करवाया था। इसमें शिव की त्रिमुखी मूर्ति स्थापित है। बाद में इसका पुनर्निमाण महाराणा मोकल ने 1428 ई. में शिल्पी जैता के निर्देशन में करवाया था, तब से इसे मोकल जी का मंदिर भी कहते हैं।

16. चारचौमा मन्दिर किस जिले में स्थित है?
(1) कोटा (2) बारां
(3) चित्तौड़गढ़ (4) उदयपुर (1)

17. कौनसा शिव मन्दिर 'मामा भान्जा मन्दिर' के नाम से जाना जाता है?
(1) गेपरनाथ महादेव (2) भंडदेवरा शिव मन्दिर
(3) फूलदेवरा शिव मन्दिर (4) कंसुआ शिव मन्दिर (3)

**व्याख्या–** अटरू (बारां) में स्थित इस मंदिर मामा भान्जा के मंदिर के नाम से प्रसिद्ध है। इसके निर्माण में चूने सीमेंट का प्रयोग नहीं किया गया है।

18. उज्जैन के राजा तथा महान् योगी भृर्तहरि की तपस्यास्थली कहाँ स्थित है?
(1) अलवर (2) भरतपुर
(3) करौली (4) टोंक (1)

19. निम्न में से किसे 'शीश के दानी' के नाम से जाना जाता हैं?
(1) खाटु श्याम जी (2) श्री त्रिनेत्र गणेश
(3) श्री नाथ जी (4) गोविन्द देव जी (1)

20. कोलवी की गुफाएँ कहाँ स्थित है?
(1) बूँदी (2) कोटा
(3) बांरा (4) झालावाड़ (4)

**व्याख्या–** झालावाड़ के डग क्षेत्र में कोलवी, विनायका, हथियागौड़ व गुनई में प्राचीन बौद्ध गुफाएँ व स्तूप स्थित हैं, इन्हें 'राजस्थान का एलेरा' कहा जाता है।

21. मघाई नदी के किनारे कौनसा मंदिर स्थित है?
(1) चारभुजा नाथ का मंदिर (2) किराडू का मंदिर
(3) रणकपुर के मंदिर (4) औसिया के मंदिर (3)

22. निम्न में से कौनसा मंदिर भूमिज शैली में निर्मित नहीं है?
(1) उंडेश्वर मंदिर (बिजौलिया) (2) अम्बिका माता मंदिर (जगत)
(3) महानालेश्वर मंदिर (मेनाल) (4) भंडदेवरा मंदिर (बारां) (2)

23. द्वारकाधीश मंदिर कहाँ पर स्थित है?
(1) नाथद्वारा (राजसमंद) (2) कांकरोली (राजसमंद)
(3) पाटनपोल (कोटा) (4) कामां (भरतपुर) (2)

24. उदयपुर के जगदीश मंदिर के शिल्पकार थे?
(1) मंडन व ईश्वर (2) भाणा व मुकुन्द
(3) अत्रि व महेश (4) बेलाक व भोज (2)

25. भंडदेवरा के शिव मंदिर किस जिले में स्थित हैं?
(1) बारां (2) कोटा
(3) चित्तौड़गढ़ (4) बूँदी (1)

26. जैन धर्म का वह प्रसिद्ध मंदिर, जिसे भील समुदाय 'काला बावजी /कालाजी' के नाम से मानते हैं?
(1) केसरियानाथ जी (धुलैव) (2) सहस्रबाहु मंदिर (नागदा)
(3) एकलिंग जी (कैलाशपुरी) (4) जगदीश मंदिर (उदयपुर) (1)

**व्याख्या–** इस मंदिर में 3 फिट ऊँची पद्मासन मुद्रा में चमकीले काले रंग की प्रतिमा है, इसी कारण आदिवासी ऋषभदेव जी को 'कालाजी' के नाम से जानते हैं। भील 'कालाजी की आण' को सर्वोपरि मानते हैं, इनकी शपथ लेने के बाद झूठ नहीं बोलते हैं। ऐसी मान्यता है कि यह मूर्ति धूला भील द्वारा लायी जाने के कारण इन्हें 'धुलैव देव' कहा जाता है।

27. मंडलीश्वर महादेव मंदिर स्थित है?
(1) छींछ (बाँसवाड़ा) (2) तलवाड़ा (बाँसवाड़ा)
(3) पाणाहेड़ा (बाँसवाड़ा) (4) कालिंजरा (बाँसवाड़ा) (3)

**व्याख्या–** मंडलीश्वर महादेव मंदिर पाणाहेड़ा में नागेला तालाब की पाल पर 1059 ई. में वागड़ के परमार शासक मण्डलीक द्वारा निर्मित है।

28. काकुनी शिव मंदिर कहाँ पर स्थित है?
(1) बारां (2) कोटा
(3) अलवर (4) बूंदी (1)

29. बेणेश्वर धाम की स्थापना किसने की थी?
(1) गवरी बाई (2) बप्पा रावल
(3) संत दुलर्भ जी (4) मावजी (4)

30. भंडदेवरा के शिव मंदिर (बारां) का निर्माण किसने करवाया था?
(1) महारावल लक्ष्मण सिंह (2) रानी फूल कंवर
(3) राजा मलय वर्मा (4) दुर्जनशाल (3)

31. नन्दिनी माता का मंदिर कहाँ पर स्थित है?
(1) कन्सुआ (कोटा) (2) तलवाड़ा (बाँसवाड़ा)
(3) बड़ोदिया (बाँसवाड़ा) (4) डाबी (बूँदी) (3)

32. बांसथूनी शिवालय किस जिले में स्थित है?
(1) बारां (2) कोटा
(3) झालावाड़ (4) बूँदी (1)

33. मंडलेश्वर महादेव मंदिर (अर्थूना) का निर्माण किसने करवाया था?
(1) चामुण्डाराज (2) राजा मलय वर्मा
(3) दुर्जनशाल (4) विजयराज (1)

34. श्री महावीर जी मंदिर स्थित है?
(1) धौलपुर (2) करौली
(3) अलवर (4) भरतपुर (2)

35. सावित्री मंदिर स्थित है?
(1) बीकानेर (2) आमेर
(3) नागौर (4) पुष्कर (4)

36. लक्ष्मीनारायण बिड़ला मंदिर कहाँ पर स्थित है?
(1) उदयपुर (2) पुष्कर
(3) जयपुर (4) अजमेर (3)

37. विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मा मंदिर कहाँ पर स्थित है?
(1) पुष्कर (अजमेर) (2) नागदा (उदयपुर)
(3) आमेर (जयपुर) (4) औसियां (जोधपुर) (1)

38. मकराना के सफेद संगमरमर से बना वह मंदिर, जिसे एशिया का प्रथम वातानुकूलित मंदिर माना जाता है।
(1) लक्ष्मीनारायण बिड़ला मंदिर (जयपुर)
(2) ब्रह्मा मंदिर (पुष्कर)
(3) जगदीश मंदिर (उदयपुर)
(4) मोती डूंगरी गणेश मंदिर (जयपुर) (1)

39. तिजारा के जैन मंदिर किस जिले में स्थित है?
(1) भरतपुर (2) सीकर
(3) अलवर (4) जयपुर (3)

**व्याख्या–** यह जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर भगवान चन्द्रप्रभु का मंदिर है।

40. 'गंगा मंदिर' स्थित है?
(1) भरतपुर (2) बीकानेर
(3) उदयपुर (4) नागौर (1)

**व्याख्या–** इस मंदिर का निर्माण महाराजा बलवन्त सिंह 1846 ई. में प्रारम्भ करवाया था। 12 फरवरी, 1937 ई. को महाराजा बृजेन्द्रसिंह ने इसमें गंगा की मूर्ति को स्थापित करवाया।

41. जयपुर के गोपीनाथ मंदिर का निर्माता है?
(1) मानसिंह प्रथम (2) सवाई जयसिंह
(3) मिर्जा राजा मानसिंह (4) माधोसिंह प्रथम (2)

42. मदन मोहन मंदिर स्थित है?
(1) करौली (2) अलवर
(3) जयपुर (4) भरतपुर (1)

**व्याख्या–**यह गौड़ीय सम्प्रदाय का मंदिर है, इसकी मूर्ति वृंदावन से लायी गयी थी। 1728 ई. में करौली के महाराजा गोपालसिंह ने मदनमोहन जी का विग्रह जयपुर से गुसांई सबलदास जी के माध्यम से करौली ले आये और 1748 ई. में इन्होंने वर्तमान मंदिर का निर्माण करवाया।

43. पुष्कर के वराह मंदिर का निर्माण किसने करवाया था?
(1) अर्णोराज (2) सोमेश्वर
(3) पृथ्वीराज तृतीय (4) पृथ्वीराज प्रथम (1)

44. राजस्थान में भूमिज शैली का प्रथम विष्णु मंदिर है?
(1) सर्वेश्वर मंदिर (सलेमाबाद) (2) वराह मंदिर (पुष्कर)
(3) उण्डेश्वर मंदिर (बिजौलिया) (4) हरिहर मंदिर (औसियां) (3)

45. रंगनाथ जी का मंदिर स्थित है?
(1) पुष्कर (अजमेर) (2) आमेर (जयपुर)
(3) कैथून (कोटा) (4) नागदा (उदयपुर) (1)

46. मोती डूँगरी गणेश मंदिर (जयपुर) का निर्माण जयपुर के किस शासक ने करवाया था?
(1) माधोसिंह द्वितीय (2) मानसिंह प्रथम
(3) माधोसिंह प्रथम (4) मिर्जा राजा मानसिंह (3)

**व्याख्या–** इस मंदिर का निर्माण 1761 ई. में माधोसिंह प्रथम द्वारा करवाया गया था, यह प्रतिमा जयपुर नरेश माधोसिंह प्रथम की पत्नी अपने पीहर मावली से लायी थी।

47. प्राचीन 'गायत्री मंदिर' कहाँ पर स्थित है?
(1) आबू (सिरोही) (2) आमेर (जयपुर)
(3) रणकपुर (पाली) (4) पुष्कर (अजमेर) (4)

48. सिंगोली श्याम मंदिर किस जिले में स्थित है?
(1) अजमेर (2) टोंक
(3) बूँदी (4) भीलवाड़ा (4)

49. सालासर बालाजी मंदिर किस जिले में स्थित है?
(1) सीकर (2) चुरू
(3) बीकानेर (4) नागौर (2)

**व्याख्या–** इस मंदिर में हनुमान की दाढ़ी मूँछ युक्त प्रतिमा है, इस मंदिर के संस्थापक महात्मा मोहनदास थे। इस मंदिर का आरम्भिक निर्माण दो मुस्लिम कारीगरों नूरा व दाउद ने किया था।

50. राजस्थान में पंचायतन शैली का सर्वप्रथम उदाहरण है?
(1) सूर्य मंदिर (आमेर) (2) लोद्रवा पार्श्वनाथ मंदिर
(3) औसियां के हरिहर मंदिर (4) लक्ष्मण मंदिर (भरतपुर) (3)

51. सिरियारी जैन तीर्थ किस जिले में है?
(1) सिरोही (2) पाली
(3) जोधपुर (4) जालौर (2)

**व्याख्या–** श्वेताम्बर तेरापंथी सम्प्रदाय का यह एक प्रमुख तीर्थ है, यहाँ तेरापंथ के प्रथम आचार्य 'भिक्षु' की समाधि स्थित है।

52. नाकोड़ा भैरव मंदिर कहाँ पर स्थित है?
(1) बाड़मेर (2) पाली
(3) जालौर (4) जोधपुर (1)

53. डाडा पम्पाराम का डेरा कहाँ पर स्थित है?
(1) साहवा (चुरू) (2) गजनेर (बीकानेर)
(3) विजयनगर (गंगानगर) (4) फतेहपुर (सीकर) (3)

54. साहवा का गुरूद्वारा किस जिले में स्थित है?
(1) हनुमानगढ़ (2) गंगानगर
(3) चुरू (4) सीकर (3)

**व्याख्या–** यहां राजस्थान का सिक्खों का सबसे बड़ा मेला भरता है।

55. राजस्थान में तैंतीस करोड़ देवी देवताओं की साळ कहाँ पर स्थित है?
(1) बीकानेर (2) लोद्रवा (जैसलमेर)
(3) मेड़ता (नागौर) (4) मंडोर (जोधपुर) (4)

56. राजस्थान में सिक्खों का सबसे बड़ा मेला कहाँ भरता है?
(1) साहवा (चुरू) (2) बीदासर (चुरू)
(3) गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) (4) नरायणा (जयपुर) (1)

57. मुंछाला महावीर मंदिर स्थित है?
(1) फालना (पाली) (2) नाडोल (पाली)
(3) घाणेराव (पाली) (4) नारलोई (पाली) (3)


58. राजस्थान का निम्न में से कौनसा मंदिर गुप्तकालीन नहीं है?
(1) चारचौमा शिव मंदिर, कोटा (2) भीमचौरी शिव मंदिर, कोटा
(3) कन्सुआ शिव मंदिर, कोटा (4) हर्षनाथ मंदिर, सीकर (4)


**व्याख्या–** सीकर का हर्षनाथ मंदिर गुर्जर प्रतिहार शैली/ महामारू शैली में निर्मित है।

59. आभानेरी स्थित हर्षद् माता का मन्दिर मूल रूप से किसे समर्पित था?
(1) भगवान शिव (2) भगवान विष्णु
(3) भगवान गणेश (4) भगवान इन्द्र (2)

60. देलवाड़ा के जैन मंदिरों का निर्माण निम्नलिखित में से किसने करवाया था?
(1) नेमीनाथ (2) आदिनाथ
(3) विमलशाह (4) भीमशाह (3)

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा– 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें–




**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**